2 फरीदाबाद
स्मार्ट सिटी : प्रशासन की नाकामियों का खामियाजा उठा रहे हैं उद्योग

6 अभिमत
जीव-जन्तुओं पर मानव श्रेष्ठता का विचार

9 देश/विदेश
हिमाचल में मतदाताओं को किया जा रहा है गुमराह

11 आध्यात्म
कौन थे गुरु नानक देव, कैसे किया धर्म का प्रचार

RNI NO. HARHIN/2018/75109
फरीदाबाद, मंगलवार, 08 नवंबर, 2022

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana


ੴ
श्री गुरु नानकदेव जी दे प्रकाश पर्व दी लख-लख बधाईयां


# अंतर महाविद्यालय शूटिंग चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ


अंतर महाविद्यालय शूटिंग चैंपियनशिप का शुभारंभ करते प्राचार्य डा. कृष्ण कांत गुप्ता।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**अग्रवाल** महाविद्यालय बल्लभगढ़ की शूटिंग रेंज में महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक की चार दिवसीय अंतर महाविद्यालय शूटिंग चैंपियनशिप जो 7 नवम्बर से 10 नवम्बर तक चलेगी का शुभारंभ हुआ। शुभारंभ सत्र के मुख्य अतिथि व महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता ने खिलाड़ियों से खेल भावना से खेलने का आग्रह किया व महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय, रोहतक के खेल निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह ढुल का इतनी बड़ी जिम्मेदारी देने पर धन्यवाद भी किया। प्राचार्य ने महाविद्यालय के बीए के छात्र पैराओलिंपिक स्वर्ण पदक विजेता मनीष नरवाल का उदाहरण देते हुए बताया कि अगर हम लगातार अपना वैभव, सुकून, चैन छोड़कर लगातार प्रयासरत रहकर मेहनत करते हैं तो हमें हमारे लक्ष्य को प्राप्त करने से कोई नहीं रोक सकता। प्राचार्य ने इस प्रतियोगिता के सफल शुभारंभ के लिए महाविद्यालय के खेलकूद के संयोजक डॉ. केएल कौशिक व शारीरिक शिक्षक डॉ. जगबीर सिंह, मोहित हुड्डा को बधाई दी। इस अवसर पर महाविद्यालय के वरिष्ठ प्रवक्तागण कमल टंडन, डॉ. जयपाल सिंह डॉ. गीता गुप्ता व भिन्न-भिन्न महाविद्यालयों से आए ईंचार्ज व कोच उपस्थित रहे।